जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-20 जयपुर, सोमवार, 24 मई, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## जोधपुर में विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण
## पीड़ित मानवता की सेवा ही हमारा धर्म-गहलोत

जयपुर(हमारा वतन)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज पूरा देश एवं प्रदेश कोरोना की दूसरी लहर के भयावह संकट से जूझ रहा है। ऐसे में जाति, धर्म, वर्ग, क्षेत्र एवं विचारधारा की संकीर्णता से ऊपर उठकर पीड़ित मानवता की सेवा करना ही हमारा सर्वोपरि धर्म है। इस भावना के साथ एकजुट होकर ही हम कोरोना की यह जंग जीत पाएंगे। गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से जोधपुर जिले में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेजीडेन्सी रोड में महाराजा श्री अग्रसेन वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से स्थापित ऑक्सीजन प्लांट तथा जिला अस्पताल पीपाड़ सिटी में विनायक इंडस्ट्रीज के सहयोग से तीन वार्डों के नवीनीकरण एवं मशीनीकरण तथा 30 बेड के कोविड वार्ड आदि चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर ने शहरों के साथ-साथ ग्रामीण




क्षेत्रों एवं युवा वर्ग को भी चपेट में लिया है। अधिकतर रोगियों को हाई फ्लो ऑक्सीजन एवं वेन्टीलेटर की जरूरत पड़ रही है। पहली लहर के मुकाबले मृत्यु दर भी कई गुना अधिक है। देश के विभिन्न राज्यों से भी जिस तरह की चिंताजनक खबरें आ रही हैं, वे व्यथित एवं विचलित कर देने वाली हैं। ऐसी विषम परिस्थिति में राज्य सरकार प्रदेशवासियों की जीवनरक्षा के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। गहलोत ने कहा कि हम समाज के सभी वर्गों को साथ में लेकर लगातार ऐसे फैसले ले रहे हैं जिससे जरूरतमंदों को राहत मिले और कोई भूखा न सोए का संकल्प साकार हो। गहलोत ने कहा कि ऐसे वक्त में गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए भामाशाहों से मिल रहा सहयोग हमारा हौसला बढ़ा रहा है। राज्य सरकार अपने वित्तीय संसाधनों से चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढीकरण में किसी तरह की कमी नहीं रख रही है। लेकिन आमजन से मिल रहा सहयोग इन प्रयासों को और मजबूती दे रहा है। उन्होंने जोधपुर में चिकित्सा सुविधाओं में सहयोग के लिए महाराजा श्री अग्रसेन वेलफेयर सोसायटी तथा विनायक इंडस्ट्रीज सहित तमाम भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी से प्रदेशवासियों की जीवनरक्षा के लिए राजस्थान में बेहतरीन काम हुआ है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में युद्धस्तर पर पीड़ित मानवता की सेवा का काम किया जा रहा है। हमारे प्रयासों को केंद्र सरकार ने भी सराहा है। कोविड जांच क्षमता एवं अस्पतालों की संख्या बढ़ाने, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू एवं वेंटीलेटर क्षमता में बढ़ोतरी, सीएचसी एवं पीएचसी स्तर तक उपचार सुविधाओं के विस्तार में हमारी सरकार जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि जोधपुर क्षेत्र में राज्य सरकार, जनप्रतिनिधियों एवं भामाशाहों के सहयोग से 10 नए ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं।

## चंद्रकला नागौरी को मिली चौमूं विधानसभा एनएसयूआई की जिम्मेदारी

चौमूं (हमारा वतन) एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन की प्रेरणा से एनएसयूआई राजस्थान के प्रदेश प्रभारी गुरुज्योत सिंह संधू तथा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार आज एनएसयूआई राजस्थान द्वारा प्रदेश के गांव में कोरोना को बढ़ता देख एनएसयूआई परिवार के सदस्यों को विधानसभाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई । जिसमें चोमू विधानसभा क्षेत्र में लगातार कोरोना महामारी में उत्कृष्ट कार्य देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने चोमू विधानसभा एनएसयूआई की जिम्मेदारी चंद्रकला नागौरी अध्यक्ष सेठ आर एल सहरिया महाविद्यालय कालाडेरा को सौंपी गई । इस दौरान कहा की लगातार कोरोना महामारी में उत्कृष्ट कार्य करते आ रहे हो और आगे भी विधानसभा क्षेत्र आपकी टीम से इस जिम्मेदारी के पूर्ण निर्वहन की आशा करते है।



हमारा वतन डॉट कॉम वेबसाइट की हुई लॉन्चिंग

## अब एक क्लिक पर मिलेगी लोकल और देश-विदेश की खबरें

जयपुर (हमारा वतन) पिछले 57 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाले हमारा वतन हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र ने 21 मई को विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाते हुए अपनी वेबसाइट WWW.HAMARAWATAN.COM लॉन्च कर दी है । समाचार पत्र के संरक्षक बाबूलाल सैनी और संपादक राम गोपाल सैनी ने बताया की हमारा वतन समाचार पत्र की स्थापना स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री राजेंद्र कुमार अजेय द्वारा वर्ष 1965 में की गई थी । तब से लेकर अब तक निष्पक्ष और निर्भीक रूप से पाठकों को खबरें प्रदान करता आ रहा है । जमाने के साथ चलते - चलते अब हमारा वतन की खबरें पाठक अपने मोबाइल और डेस्कटॉप पर कभी भी, कहीं भी देख सकते हैं । वेबसाइट पर ई पेपर की सुविधा भी मिलेगी । हमारा प्रयास है कि पाठकों को सच्ची और सटीक खबरें प्रदान की जाए ,जिससे ख़बरों पर विश्वास कायम हो सके । हमारी टीम का निरंतर प्रयास है की नाम के अनुरूप कार्य करें । खादी संस्थाओं का सहयोग हमेशा मिलता रहता है ।लॉन्चिंग के दौरान उप संपादक सुरेंद्र कुमार सैनी, सहायक संपादक राकेश तिवाडी, प्रबंध संपादक वली मोहम्मद कुरेशी, संवाददाता संदीप कुमार शर्मा, टीम इंद्र वशिष्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र वशिष्ट,वेबसाइट डवलपमेंट टीम के शंकर इंदौरा भी मौजूद रहे ।

हमारा वतन
WWW.HAMARAWATAN.COM

## लॉकडाउन में हो रही पक्षियों के दाने की समस्या

चौमूं (हमारा वतन) जहां एक तरफ कोरोना महामारी में सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन में कोरोना से मरने वालों की भयावह स्थिति को देखकर हर किसी का दिल भयभीत है । घर से बाहर कदम निकालने का किसी का दिल नहीं करता है । ऐसे भयावह मंजर के मध्य बेजुबान पंछियों की सेवा में वर्षों से निस्वार्थ पक्षी परिंडा सेवा एवं उपचार के संयोजक घनश्याम कुमावत द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर ग्रीष्म ऋतु में 300 जगह लगाए गए पक्षियों के दाना - पानी के परिंदों में नियमित सेवाएं संचालित है ।

घनश्याम कुमावत द्वारा अपनी जी जान लगाकर पक्षियों को बचाने का प्रयास जारी है । इनके द्वारा बेजुबान पंछियों की घायल अवस्था में किसी भी समय किसी भी जगह चोमू शहर में तुरंत प्राथमिक चिकित्सा के निस्वार्थ चिकित्सालय पर लाकर चिकित्सा कर विकलांग पक्षी आवास में स्थानांतरित करते हैं । पक्षी को स्वस्थ होने पर उसको स्वतंत्र किया जाता है । शहर वासी कुमावत की सेवा से बहुत खुश है । घनश्याम कुमावत ने बताया की लंबे अंतराल से चोमू शहर में चल रहे लॉकडाउन के कारण व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद होने से निस्वार्थ पक्षी सेवा में नित्य पक्षियों को डाले जाने वाले दाने गेहूं, ज्वार, बाजरा की कमी होती जा रही है । कम दाना होने के कारण 300 जगह लगाए गए पक्षी दाना पात्रों में चौथे दिन दाना डाला जा रहा है । जबकि पानी डालने की ही सेवा जारी रहती है । अगर सभी लोग थोडा थोडा सहयोग करेंगे तो दाना डालने की सेवा सुचारू रूप से चल सकती है । सहयोग के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं - 93514 09081



## लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें सरकार-रामलाल शर्मा



जयपुर (हमारा वतन) भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कोटा चिकित्सालय में हुई घटनाओं पर तीखा हमला बोलते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि कोटा का चिकित्सालय हमेशा से ही सुर्खियों में बना रहता है। कभी बच्चों की मौत को लेकर तो कभी ऑक्सीजन सप्लाई में देरी होने पर मरीजों की मौत को लेकर सुर्खियों के अंदर रहता है। अभी दो घटनाएं कोटा के अस्पताल में घटित हुई, जिसमें पहली घटना यह कि एक पीड़ित व्यक्ति चिल्लाता रहा कि मुझे ऑक्सीजन बेड और वेंटिलेटर चाहिए, लेकिन अस्पताल का

संचालन करने वाले लोगों ने किसी नेता की सिफारिश करवाने पर ही बेड देने की बात कही। अस्पताल में खाली बेड होने के उपरांत भी बेड नहीं मिलना, मेरे ख्याल से इससे निंदनीय कार्य नहीं हो सकता।

दूसरी घटना जो सामने आई है वो पानी का इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत हुई है, जिसमें चिकित्सकों की लापरवाही सामने आई है। मामले पर विभाग ने जांच बिठाई है और एफआईआर दर्ज हुई है, तो क्या पीड़ित परिजनों को न्याय मिलेगा, यह भी एक प्रश्नवाचक चिन्ह है। मैं चाहूंगा कि सरकार अपने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए इस तरीके के कृत्यों के अंदर लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके एक नजीर पेश करें ताकि आने वाले समय के अंदर कोई ओर दुस्साहस नहीं कर सके।

# चौमूं केमिस्ट एसोसिएशन ने किया 350 मेडिकल किट का सहयोग



चौमूं (हमारा वतन) चौमूं केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष राजेश बारी के नेतृत्व में चौमूं उपखंड अधिकारी के आग्रह पर वैश्विक महामारी के समय में खांसी-जुखाम, बुखार जैसे लक्षणों के इलाज के लिए 350 मेडिकल किट बनाकर उपखंड अधिकारी उपेंद्र शर्मा को भेंट किए।

ग्रामीण परिवेश में बीमारी से ग्रसित गरीब मरीजों एवं सरकारी क्वारेन्टाइन सेंटर में क्वॉरंटाइन रह रहे मरीजों के इलाज हेतु सहयोग के रूप में उपलब्ध करवाई हैं। इसमें चौमूं के सभी खुदरा व थोक दवा व्यापारियों का अच्छा सहयोग मिला है। उपखंड अधिकारी ने दवा व्यवसायियों को इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

इस दौरान उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, देवकीनंदन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विपिन खुंटेटा, मीडिया प्रभारी सुरेश तंवर, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश स्वामी व विक्रम बजाज उपस्थित रहे।



## कोरोना महामारी में कालाबाजारी पर शिंकजा

जयपुर में सात मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित, बोगस ग्राहक बनकर पहुंची ड्रग कंट्रोलर विभाग की टीम, बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाएं बेचते मिले

जयपुर (हमारा वतन)। कोरोना महामारी के बीच जयपुर शहर में दवाओं की कालाबाजारी रोकने व निर्धारित दर से ज्यादा रेट वसूलने की शिकायतों पर बुधवार को ड्रग कंट्रोलर विभाग की टीम ने बोगस ग्राहक बनाकर स्टिंग ऑपरेशन किया। इनमें खामियां पाई जाने पर सात मेडिकल स्टोर्स पर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 से 21 दिनों तक के लिए लाइसेंस निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। सहायक औषधि नियंत्रक दिनेश तनेजा ने बताया कि जिन मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें आदर्श नगर के यूनिक मेडिकोज व जैन मेडिकल एंड प्रोविजन स्टोर, एसएमएस हॉस्पीटल के पास के हीना मेडिकल एंड प्रोविजन स्टोर, मानसरोवर के पदमा मेडिकोज एंड जनरल स्टोर, भट्टा बस्ती के जिक्र फार्मेसी एंड जनरल स्टोर, प्रताप नगर के चौधरी मेडिकल एंड प्रोविजन स्टोर और जगतपुरा के श्री मेडिकल्स स्टोर है। इनके सभी के लाइसेंस निर्धारित अवधि के लिए रद्द कर दिया है।

# मेरा वार्ड मेरा परिवार अभियान का आगाज़

चौमूं (हमारा वतन) सामोद रोड स्थित मोहन वाटिका में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि के बलिदान दिवस के अवसर पर ÷मेरा वार्ड, मेरा परिवार÷ विशेष अभियान का आगाज किया गया। जिसमें सभी वार्ड पार्षदों को वार्ड के जरूरतमंद लोगों के लिए दी गई 20-20 किट सूखी खाद्य सामग्री व सेनिटाइजर उपलब्ध करवाई गई। चौमूं के 45 वार्डों में जरूरतमंद, गरीब, असहाय, देहाती मजदूरों को यह खाद्य सामग्री दी जाएगी।

चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर व गरीबों को भोजन उपलब्ध करवाने के लिए कहा।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा की इस अभियान के तहत चौमूं में कोई भूखा ना सोए को सुनिश्चित किया जाएगा।



इस मौके पर वाइस चेयरमैन किरण शर्मा, फिरोज नागोरी, राजकुमार शर्मा, राजेंद्र इंदौरा, पार्षद रमेश चंद्र सैनी, अनिल कुमार सैनी, महेश कुमार नायक, आमिर खान, इमामुद्दीन कुरेशी, अशोक कुमार रच्छौया, कन्हैया लाल गोयल, शायर सैनी, महेश कुमार यादव, महेश कुमार मीणा, शंकरलाल जांगिड़, ओम प्रकाश यादव, मुकेश कुमार सैनी, सरवत आलम, राकेश कुमावत, संजय योगी, छीतरमल बबेरवाल, सुभाष सैनी, हनुमान बागड़ा, फूलचंद चौधरी, श्याम सुंदर पाराशर, राजेंद्र यादव, मालीराम नटवारिया, शंकर लाल शर्मा, अशोक कुमार प्रजापत, रवि बागोरिया, विनोद कुमार आर्य, राजू सैनी, राकेश इंदौरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## ऑक्सीजन सिलेंडर के प्रेशर रेगुलेटर को एमआरपी से अधिक कीमत पर बेचने पर लगाई पेनल्टी

जयपुर (हमारा वतन)। विधिक माप विज्ञान द्वारा अलवर जिले में हरियाणा आयरन वर्क्स तथा खन्ना इंजीनियरिंग वर्क्स का निरीक्षण किया जहां पर ऑक्सीजन सिलेंडर के प्रेशर रेगुलेटर पर डिक्लेरेशन नहीं पाया गया। इन्हीं प्रेशर रेगुलेटर को एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा था जिसकी वजह से प्रत्येक फर्म पर 7500 रुपए का जुर्माना लगाया। उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि डूंगरपुर जिले में महादेव दूध डेयरी पर सिवैया के पैकेट पर डिक्लेरेशन नहीं पाए जाने पर 2 हजार 500 रुपए की पेनल्टी लगाई। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा बुधवार को 25 किराना स्टोर एवं 12 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ठ और राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रविन्द्राचार्य को मिला श्री कृष्णा फाउंडेशन लखनऊ से सम्मान पत्र

जयपुर (हमारा वतन) श्री कृष्णा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार सोनी ने टीम इंद्र वशिष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ठ और राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रविन्द्राचार्य द्वारा कोरोना काल में की गई सेवा के कारण कोरोना योद्धा सम्मान पत्र प्रदान किया है। पवन कुमार सोनी ने बताया कि इन दोनों ने मानवता की एक नई मिसाल स्थापित की है, इन्होंने योद्धा की तरह सेवा कर्म किए हैं। गौरतलब है की राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ठ और राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रविन्द्राचार्य द्वारा लगातार जरुरतमंदों कि





सेवा की जा रही है। वृक्षारोपण के साथ बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे भजी लगाए जा रहे है। साथ ही सेवाकर्मियों की हौसला अफजाई करके निरंतर उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

## नगरीय विकास मंत्री ने किया कोविड केयर आइसोलेशन सेन्टर का उद्घाटन

जयपुर (हमारा वतन)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने शुक्रवार को मालवीय नगर स्थित अपभ्रंश साहित्य अकादमी में कोविड केयर आइसोलेशन सेन्टर का उद्घाटन किया। दिंगबर जैन समाज द्वारा बनाए गए इस सेन्टर पर मरीजों को सभी चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क दी जाएगी। धारीवाल ने इस अवसर पर कहा कि जयपुर में इस तरह का पहला यूनिक कोविड आइसोलेशन केयर सेन्टर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस सेंटर में 50 कोविड मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था है तथा इसे 75 बेड तक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सेन्टर पर मरीजों के लिए 15 ऑक्सीजन सिलेण्डर तथा 15 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था भी की गई है। धारीवाल ने कहा कि यहां पर मरीजों को योग-प्राणायाम, प्रतिदिन स्वास्थ्य जांच, नर्सिंग स्टॉफ, स्वास्थ्यवर्धक खाना जैसी सभी तरह की



चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी।

साथ ही यहां पर कोरोना मरीजों को लगातार डाक्टरों की टीम भी देखती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस सेंटर पर कोरोना से ग्रसित मरीजों का ऑक्सीजन का सेचुरेशन 89 से कम आने पर भर्ती किया जाएगा। धारीवाल ने बताया कि यह सेन्टर सर्वधर्मसमाज के लिए बनाया गया है। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि कोरोना के नियन्त्रण के लिए राज्य सरकार अकेले कुछ नहीं कर सकती, इस पर रोकथाम के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सामाजिक संगठन आर्थिक सहयोग देकर इस महामारी को नियन्त्रण करने में महती भूमिका निभा रहे है। इस अवसर पर वाणिज्यिक कर विभाग के आयुक्त रवि जैन, सेन्टर के मुख्य समन्वयक एवं भारतीय सेवा के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अशोक जैन तथा दिगम्बर जैन समाज के आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

चूरू जिले के प्रभारी मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा

# कोविड प्रबंधन में ऑक्सीजन व दवाओं की कमी नहीं आने देंगे

जयपुर (हमारा वतन)। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं चूरू जिले के प्रभारी मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा है कि राज्य सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि कोविड महामारी के दौरान अस्पतालों में अधिकतम संसाधन मिले और कोविड रोगियों को अधिकतम सुविधाएं एवं इलाज मुहैया हो, ताकि इस महामारी से हम जल्दी से जल्दी छुटकारा पा सकें। उन्होंने कहा कि कोविड प्रबंधन के लिए जिले में ऑक्सीजन एवं दवाओं की कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। चूरू प्रभारी मंत्री भाटी जिला परिषद सभागार में कोविड-19 समीक्षा, ताउते चक्रवात तैयारी एवं अन्य बिंदुओं पर आयोजित समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में ऑक्सीजन, रेमेडिसिविर सहित दवाओं व संसाधनों की कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा अधिक कोविड रोगियों को उपचार मिल सके, इसके लिए छोटे अस्पतालों को भी कोविड उपचार के लिए मान्यता दी जाएगी। मुख्यमंत्री इस बात के लिए सतत प्रयासरत हैं कि कैसे लोगों को इस महामारी में अधिकतम राहत मिले। बैठक में चूरू विधायक राजेंद्र राठौड़, रतनगढ़ विधायक अभिनेष महर्षि, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, चुरू जिला प्रमुख वंदना आर्य, एसपी नारायण टोगस, पायल सैनी, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़ सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

**शीघ्र ही एक हजार डॉक्टरों की भर्ती**

चुरू प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिले के अस्पतालों में 164 कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर लगाए गए हैं। राज्य में शीघ्र ही एक हजार डॉक्टर व 25 हजार नर्सिंग कर्मी भर्ती किए जाएंगे। इसके अलावा अस्पतालों में रिक्त पदों के लिए अरजेंट टेंपरेरी बेसिस पर भर्ती के लिए आदेश जारी किए गए हैं ताकि किसी भी अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र में मानव संसाधन की कमी नहीं रहे। अस्पतालों में संसाधन मुहैया कराने के क्रम में, राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर खरीद के लिए आदेश दिए हैं। ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा रहे हैं। सरकार सीएचसी एवं पीएचसी स्तर तक के अस्पतालों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है।

## नए किसानों को फसली ऋण से जोड़ने में सहकारी बैंक तत्परता दिखाएं

जयपुर (हमारा वतन)। सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने कहा कि वर्ष 2020-21 में किसानों को सहकारी बैंकों के माध्यम से 15235 करोड़ रूपए का फसली ऋण वितरित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि नए किसानों को फसली ऋण वितरण में सहकारी बैंक तत्परता दिखाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में 3 लाख नए किसानों को फसली ऋण का वितरण किया जाएगा। आंजना वर्चुअल तरीके से आयोजित विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खरीफ 2021 में 3.17 लाख किसानों को 971.88 करोड़ रूपए का फसली ऋण वितरित हुआ है। इसमें गति लाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में एसएलडीबी द्वारा 200 करोड़ रूपए के दीर्घकालीन कृषि ऋण वितरण हेतु सुनियोजित योजना बनाकर किसानों को लाभान्वित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एसएलडीबी को अपेक्स बैंक में मर्ज करने के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत करे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। उन्होंने समय पर किसानों का बीमा करने हेतु प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करने के निर्देश भी दिए।

## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश पुलिस,पद एसआई, प्लाटून कमांडर, फायर ऑफिसर, पद संख्या 9535, अंतिम तिथि 30 मई 2021
2. डीएफसीसीआईएल, पद जूनियर मैनेजर, एग्जीक्यूटिव और जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 1074, अंतिम तिथि 23 मई 2021
3. भारतीय डाक विभाग बिहार महाराष्ट्र, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 4368, अंतिम तिथि 26 मई 2021
4. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, पद टीजीटी, पीजीटी, प्रिंसिपल पद संख्या 3400, अंतिम तिथि 31 मई 2021
5. भारतीय पश्चिम रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3591, अंतिम तिथि 24 जून 2021
6. बैंक नोट प्रेस बीएनपी देवास मध्य प्रदेश, पद वेलफेयर ऑफिसर, सुपरवाइजर व अन्य, पद संख्या 135, अंतिम तिथि 11 जून 2021
7. दिल्ली सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन बोर्ड डीएसएसएसबी, पद पीजीटी, पटवारी, एल डी सी व अन्य, पद संख्या 7236, अंतिम तिथि 24 जून 2021
8. नेशनल वॉटर डेवलपमेंट एजेंसी, पद जूनियर इंजीनियर, हिंदी ट्रांसलेटर, स्टेनोग्राफर, एलडीसी व अन्य, पद संख्या 62, अंतिम तिथि 25 जून 2021

## जब नवाज ने किया था वेट्रेस के साथ वन-नाइट स्टैंड का खुलासा

नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड के बेहतरीन ऐक्टर्स में से हैं। इंडस्ट्री में यह मुकाम बनाने के लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना पड़ा। एक वक्त था जब उनके पास खाने के लिए रोटी तक नहीं थी। कमजोरी की वजह से वह चल तक नहीं पाते थे लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। 12 साल तक हौसला रखने के बाद आखिर 1999 में सरफरोश में एक सीन से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। 2021 में अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर ने उन्हें पहचान दिलाई इसके बाद इंडस्ट्री में उनका रास्ता खुल गया। उनकी लाइफ से कई कॉन्ट्रोवर्सीज भी जुड़ी रही हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के जन्मदिन पर जानते हैं उनकी जिंदगी से जुड़ीं खास बातें।



**12 साल तक किया स्ट्रगल-** नवाजुद्दीन सिद्धीकी आज जिस मुकाम पर हैं वहां पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है। अपनी बेहतरीन ऐक्टिंग के अलावा वह कॉन्ट्रोवर्सीज के चलते भी सुर्खियों में रहे हैं। नवाज अपने पुराने इंटरव्यूज में बता चुके हैं कि उन्होंने 12 साल तक संघर्ष किया। इसके बाद उन्हें छोटे-मोटे रोल मिलने लगे। 2012 में गैंग्स ऑफ वासेपुर, कहानी और तलाश जैसी फिल्में रिलीज होने के बाद उनका करियर पटरी पर आया।

**नहीं होता था पेट भरने के लिए खाना-**नवाज यह भी बता चुके हैं कि एक वक्त पर उनके पेट में इतना खाना भी नहीं होता था कि वह चल सकें। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपनी जिंदगी से जुड़ी खास घटनाओं का खुलासा 'An Ordinary Life' टाइटल के मेमॉयर में किया था।

## सनी लियोनी की ये थीं पहली बोल्ड तस्वीरें, जिसे देखकर हर कोई हो गया था दिवाना



बॉलीवुड में सनी लियोन की एंट्री महेश भट्ट की फिल्म जिस्म-2 से हुई। अपनी अदाओं से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाली सनी लियोन का जन्मदिन है।बॉलीवुड की हॉट और हसीन बाला सनी लियोनी की खूबसूरती और बोल्डनेस का हर कोई दीवाना हैं। सनी लियोनी 36 वर्ष की हो गई हैं। सनी बॉलीवुड में आने से पहले पोर्न स्टार थी लेकिन सनी लियोन ने 2013 में ही पोर्न इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया था। सोशल मीडिया पर आज भी इनकी तस्वीरें वायरल होती रहती हैं। बता दें कि सनी लियोन बचपन से ही वह काफ़ी चुस्त थी और लड़कों के साथ हॉकी खेलती थी व आइस स्केटिंग करना पसंद करती थी। सनी की हॉटनेस के लोग दीवाने हैं। हर दिन सोशल मीडिया पर सनी की हॉट फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। सनी की बॉलीवुड में सबसे पहली हॉट तस्वीर फिल्म जिस्म-2 की शूटिंग के दौरान आई थी। महेश भट्ट की फिल्म जिस्म-2 से सनी लियोन की एंट्री हुई थी। बिग बॉस के घर में सन्नी की मुलाकात महेश भट्ट से हुई थी। इसके पश्चात उन्हें जिस्म-2 में मुख्य भूमिका का काम दिया गया था।

## 'द फैमिली मैन 2' ट्रेलर देखने के बाद कंगना रनौत ने की सामंथा अक्किनेनी की तारीफ

**बोलीं- ये दिल में रहती है**

बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 का ट्रेलर देखने के बाद दक्षिण की अभिनेत्री सामंथा अक्किनेनी की तारीफ की है। इस सीरीज का पहला ट्रेलर बुधवार सुबह ऑनलाइन जारी किया गया था। इस ट्रेलर में सामंथा का धांसू एंट्री दिखाया गया है। इस वेब शो के साथ सामंथा पहली बार हिंदी दर्शकों को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इस ट्रेलर का एक स्क्रीनशॉट साझा करते हुए पोस्ट में लिखा, इस लड़की के पास मेरा दिल है।



**पहले भी तारीफ कर चुकी हैं कंगना-** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कंगना को किसी की तारीफ करते हुए कम ही देखा गया है। लेकिन वह आए दिन सामंथा तारीफ करती रहती हैं। इससे पहले भी कंगना ने सामंथा की प्रशंसा करते हुए उन्हें महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया था।

**इंप्रेसीव है सामंथा का लुक-**अब ट्रेलर में सामंथा के लुक और एक्शन की बात करें तो वाकई में उन्होंने अपने धांसू एंट्री से सभी के दिल पर छा गई हैं। इस वेब शो में सामंथा एक खूंखार आतंकवादी के किरदार में नजर आने वाली हैं। जासूसी पर आधारित इस सीरीज में मनोज वाजपेयी के साथ समांथा की जुगलबंदी देखने को मिलेगी।

# Yoga Block Bricks

# जानिए क्या हैं ये और कैसे आपके योगाभ्यास को आसान बना सकते हैं

जो लोग योग में नए हैं वे लचीलेपन में सुधार के लिए योग ब्लॉक ब्रिक्स का उपयोग कर सकते हैं। अच्छी बात यह कि इनका उपयोग कुछ कठिन मुद्राओं में भी किया जा सकता है। योग आध्यात्मिक और शारीरिक अभ्यास का एक अद्भुत संयोजन है, जो शरीर, मन और आत्मा को हमारे आस पास के वातावरण से बेहतर तरीके से जोड़ता है। इस अभ्यास के बारे में विशेष बात यह है कि इसे किसी की उम्र या वजन की परवाह किए बिना, और न्यूनतम सावधानी के साथ किया जा सकता है। भले ही आप किसी गंभीर पुरानी बीमारी के शिकार हों।यदि आप योग पहली बार कर रहे हैं, तो ब्लॉक ब्रिक का उपयोग करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। यह आपकी शारीरिक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। ये आपको ऐसे पोज़ में मदद कर सकता है, जो आपको भयभीत या असहज महसूस करवाते हैं।

**योग ब्लॉक ब्रिक क्या है?** एक योग ब्लॉक ब्रिक एक ईंट के आकार का स्लैब है, जो विभिन्न प्रकार की सामग्रियों से बना होता है, जैसे कि फोम और कॉर्क, जो दृढ़ होते हुए भी आरामदायक होते हैं। ब्लॉक सबसे पहले अयंगर योग के संस्थापक बी के एस अयंगर द्वारा पेश किए गए थे। इन ब्लॉकों का उपयोग विभिन्न योग मुद्राएं करते समय किया जा सकता है। फोम योग ब्लॉक ब्रिक्स बिगिनर्स के लिए आदर्श हैं, क्योंकि ये हल्के होते हैं और अपने आकार को बदले या विकृत किए बिना उच्च मात्रा में दबाव का सामना कर सकते हैं। सामान्य तौर पर, एक योग ब्लॉक ब्रिक का आकार नौ इंच लंबा और पांच से छ ह



इंच चौड़ा होता है।

**योग ब्लॉक ब्रिक का उपयोग करने के लाभ-**सदियों से योग ने अपने शिष्यों को मांसपेशियों, जोड़ों और अंगों के स्वास्थ्य को सुधारने और बनाए रखने में मदद की है। यह लचीलेपन, ताकत, सहनशक्ति और गतिशीलता के लिए बहुत अच्छा है और मन को शांत और केंद्रित रखता है। एक योग ब्लॉक ब्रिक निम्नलिखित तरीकों से आपके योग अभ्यास में मदद करेगी

1. **सहजता, स्थिरता और आराम-** यदि आपकी कुछ शारीरिक सीमाएं हैं या किसी विशेष मुद्रा को करने में असहजता महसूस होती है, तो ब्लॉक ब्रिक एक व्यावहारिक उपकरण साबित होता है। ब्लॉक आपकी ओर फर्श को ऊपर उठाकर, स्थिरता और आराम प्रदान करके उचित संरेखण विकसित करने में भी मदद करते हैं। उदाहरण के लिए विपरीत करणी लें; अपनी पीठ के बल लेटकर शुरुआत करें, धीरे से अपने कूल्हों को ऊपर उठाएं और ब्लॉक को पीठ के निचले हिस्से के नीचे रखें। अपनी सुविधा के अनुसार एडजस्ट करते हुए। घुटनों को छाती की ओर टिकाकर इसका पालन करें और पैरों को आसमान की ओर सीधा करना शुरू करें। जब तक आप आराम से कर सकते हैं तब तक रहें।

2. **लचीलापन और गंभीर चोटों की रोकथाम-**छाती में पेक्टरलिस मेजर और माइनर मांसपेशियों में तनाव को दूर करने के लिए योग ब्लॉक ब्रिक्स का उपयोग किया जाता है। ब्लॉक, अपने डिजाइन के माध्यम से, हमें आराम करने, पोस्टुरल तनाव को कम करने और वक्षीय रीढ़ के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसलिए, ब्लॉक लचीलेपन को बढ़ाने में सहायता करता है।








## अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्डकप

### 2022 में 11 से 30 अक्टूबर तक भारत में ही होगा वर्ल्डकप; कोरोना की वजह से दो बार इसे टाल दिया गया था


नई दिल्ली। अंडर-17 वुमन्स फुटबॉल वर्ल्डकप 11 से 30 अक्टूबर तक 2022 में भारत में ही होगा। FIFA काउंसिल की बैठक में इसकी घोषणा की गई। पहले यह वर्ल्डकप भारत में ही 2020 में होना था, लेकिन कोरोना की वजह से इसे दो बार टाल दिया गया। हालांकि पिछले साल नवंबर में FIFA ने इसके संकेत दे दिए थे कि टूर्नामेंट की मेजबानी भारत को ही सौंपी जाएगी। इस प्रतियोगिता में 1 जनवरी 2003 के बाद और 31 दिसंबर 2005 से पहले जन्म लेने वाले खिलाड़ियों को ही खेलने की अनुमति होगी।

**दो बार टाला जा चुका है-**अंडर-17 वुमन्स फुटबॉल वर्ल्डकप को कोरोना की वजह से पहले दो बार टाला जा चुका है। पहले यह टूर्नामेंट 2020 में 2 से 21 नवंबर तक होना था, लेकिन दुनिया भर में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए इसे टाल कर 2021 में 17 फरवरी से 7 मार्च तक कर दिया गया था। लेकिन कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए फिर से टाल दिया गया था।

**महिलाओं के लिए शुरू किए गए हैं ट्रेनिंग कार्यक्रम-**महिलाओं में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए फुटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से मुंबई के कूपरेज स्टेडियम में ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। वहीं खेल मंत्रालय के साथ मिलकर खेलो इंडिया फुटबॉल चैंपियनशिप भी शुरू की गई है।

**FIFA वुमन्स वर्ल्डकप 2023 में-**फीफा ने यह भी घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 फीफा वुमन्स वर्ल्डकप 20 जुलाई से 20 अगस्त के बीच खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिस पैरी ने भारत के साथ पिंक बॉल टेस्ट मैच पर क्या कहा



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिस पैरी का मानना है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम में कुशल बल्लेबाजों की मौजूदगी से इन दोनों टीमों के बीच होने वाले गुलाबी गेंद के टेस्ट मैच में अच्छा मुकाबला देखने को मिलेगा हालांकि पर्थ की परिस्थितियां मेजबान टीम के अधिक अनुकूल रहेंगी। दोनों टीमों के बीच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच पर्थ में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला जाएगा। यह भारतीय महिला टीम का गुलाबी गेंद से पहला टेस्ट मैच होगा। पैरी ने क्रिकेट.काम.एयू से कहा, यह महिला टेस्ट के लिये शानदार स्थल है। पिच से अतिरिक्त तेजी और उछाल मिलेगी और इससे मूवमेंट भी मिलेगा। यह निश्चित तौर पर हमारी टीम और आस्ट्रेलियाई शैली की क्रिकेट के अनुकूल है लेकिन भारतीय टीम में कुछ कुशल खिलाड़ी हैं विशेषकर उसकी बल्लेबाज जिससे इस टेस्ट मैच में अच्छा मुकाबला देखने को मिलेगा और यह दोनों टीमों के लिये बहुत अच्छा अवसर है।

## WTC फाइनल से पहले बोले पुजारा, भारत में किसी भी टीम को हराने की क्षमता



नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को अब एक महीने से भी कम का समय बचा है। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में 18 जून को भिड़ेगा। इस मुकाबले में भारत दो साल पहले वर्ल्डकप सेमीफाइनल में मिली हार का बदला न्यूजीलैंड से लेना चाहेगा। भारत के टेस्ट प्लेयर चेतेश्वर पुजारा ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से पहले कहा कि भारतीय टीम में दुनिया की किसी भी टीम को हराने की क्षमता है। पिछली बार साउथेम्प्टन में खेले गए टेस्ट मैच में पुजारा ने नाबाद 132 रन बनाए थे। 33 साल के पुजारा ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कोराना महामारी, टीम इंडिया की बैंच स्ट्रेंथ सहित कई मुद्दो पर बात की। पुजारा ने कोरोना को लेकर कहा कि ये सभी के लिए कठिन समय है। ये एक ऐसी स्थिति है जो 100 साल या उससे अधिक सालों में एक बार आती है।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# फंगस ने बढ़ाई चुनौती



राम गोपाल सैनी

केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा है कि 'ब्लैक फंगस' को वे महामारी कानून के तहत अधिसूचित करें और एक-एक मामले की रिपोर्ट की जाए। केंद्र ने आम जनता के लिए कोविड संबंधी जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, उनमें कहा गया है कि कोविड संक्रमण हवा में दस मीटर तक फैल सकता है। इससे बचने के लिए डबल मास्क लगाना चाहिए और बंद जगहों पर ताजा हवा के इंतजाम किए जाने चाहिए। धीरे-धीरे वैज्ञानिक इस बात को मानने लगे हैं कि कोविड के फैलने को लेकर जो समझ पहले थी, उसमें सुधार की जरूरत है। शुरुआत में माना गया था कि कोरोना वायरस हवा में दूर तक नहीं फैलता और मरीज के छींकने या खांसने से जो छोटी-छोटी बूंदें गिरती हैं, उन्हीं से यह बीमारी फैलती है। यह भी माना जा रहा था कि ऐसी बूंदें किसी सतह पर पड़ी रहें, तो वे संक्रमण के फैलने का जरिया बन सकती हैं। इसीलिए शुरू में एक मीटर की दूरी बरतने का निर्देश जारी किया गया था और सतहों को न छूने और उनको कीटाणुरहित करने पर जोर था। यह कोई विचित्र बात नहीं है। हवा से किसी वायरस या बैक्टीरिया के नमूने एकत्र करना और उनके खतरों का मूल्यांकन बहुत मुश्किल होता है। टीबी और खसरा जैसी बीमारियों के साथ भी यही हुआ था। लंबे दौर तक यह माना गया था कि ये बीमारियां हवा से नहीं, सिर्फ बूंदों से फैलती हैं, बाद में यह आकलन गलत साबित हुआ। कोरोना वायरस के बारे में भी ऐसे असंदिग्ध तथ्य नहीं मिले हैं, जिनसे ठीक-ठीक बताया जा सके कि कोरोना हवा में कितनी दूर तक फैलता है और उसका खतरा कितनी देर तक रहता है, लेकिन अब यह लगभग आम सहमति है कि कोविड का संक्रमण मुख्यतः हवा से होता है, सतहों को छूने से होने वाले संक्रमण की मात्रा बहुत कम है, इसलिए बार-बार उनको साफ करने की कोई खास जरूरत नहीं है। एक और खास बात जो उभरकर आई है, वह है ताजा हवा की जरूरत। पाया गया है कि बंद कमरों में या ऐसी जगहों पर, जहां हवा के आने-जाने का इंतजाम नहीं है, कोरोना का वायरस देर तक रह सकता है। इसलिए जहां एयर कंडिशनिंग जरूरी भी है, वहां बार-बार ताजा हवा के आने का इंतजाम जरूरी है। कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि खुली जगहों पर कोविड संक्रमण के प्रसार की आशंका कई गुना कम हो जाती है। कुछ वैज्ञानिकों का जोर है कि जैसे 19वीं सदी में साफ पानी पर जोर दिया गया था और उससे कई बीमारियों पर नियंत्रण हो गया, वैसे ही अब यदि हवा की गुणवत्ता को मुद्दा बनाया जाए, तो बहुत सारी बीमारियों से मुक्ति मिल सकती है। कोविड ने बीमारियों के फैलने में हवा के महत्व को फिर रेखांकित किया है।

# दिव्यांगों को लेकर गहलोत सरकार का बड़ा फैसला



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान सरकार दिव्यांग कॉलेज विद्यार्थियों और युवाओं को प्रदेश में 2000 स्कूटी वितरित करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सरकारी प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार कॉलेज में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं और रोजगार के लिए कार्यस्थल तक आवागमन के लिए दिव्यांग युवाओं को राज्य सरकार की ओर से स्कूटी दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए राज्य बजट वर्ष 2021-22 में घोषित 'स्कूटी योजना-2021' के दिशा-निर्देशों का अनुमोदन भी कर दिया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार, अध्ययन अथवा रोजगार के लिए आवागमन करने वाले विशेष योग्यजनों की सहूलियत के लिए 2,000 स्कूटियों का वितरण किया जाएगा।

इसके लिए मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को भी मंजूरी दी है। गौरतलब है कि राज्य की अशोक गहलोत सरकार युवाओं और छात्र-छात्राओं को लेकर तमाम तरह की योजना चला रही है।

# माँ के निधन पर बेटों ने जरुरतमंदों को किए राशन किट वितरित



जयपुर (हमारा वतन) ग्राम पंचायत मोरीजा में विश्वव्यापी कोरोना महामारी की गंभीर समस्या को देखते हुए जरूरतमंद व्यक्तियों को भामाशाह महेंद्र, जागेंद्र, रामवतार, अनुपम आत्रेय की पूजनीय माताजी स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी के देवलोक गमन होने पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं इनके परिवार द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियो को ग्राम पंचायत मोरीजा में सरपंच मंगल चंद सैनी के मार्गदर्शन एवं सामोद थाना इंचार्ज उमराव सिंह की अध्यक्षता में राशन किट वितरित किए गए। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी मामराज शर्मा, पीईओ कैलाश चंद झिंगोनिया, सुभाष चंद जांगिड़, अशोक कुमार मीणा, शंकर लाल यादव, रामबाबू सैनी, ओमप्रकाश काबरा,सुरेश शर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## रिजर्व बैंक ने 4 बैंकों पर जुर्माना लगाया

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने उसके कुछ निर्देशों का उल्लंघन करने पर सिटी यूनियन बैंक, तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक और दो अन्य बैंकों पर वित्तीय जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि रिजर्व बैंक (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र को ऋण) निर्देश, 2017 में शामिल कुछ प्रावधानों और शिक्षा ऋण योजना एवं कृषि क्षेत्र के लिएऋण प्रवाह -कृषि ऋण -मार्जिन/सुरक्षा जरूरतों से जुड़े सर्कुलर का उल्लंघन करने पर सिटी यूनियन बैंक पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।रिजर्व बैंक ने एक दूसरे बयान में कहा कि उसने बैंकों में साइबर सुरक्षा संरचना को लेकर उसके द्वारा जारी निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक पर भी एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

# लोहरवाड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



चौमूं (हमारा वतन) ग्राम पंचायत लोहरवाड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के द्वितीय चरण का आयोजन हुआ। आयोजनकर्ता विनोद सिंह नाथावत ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान ब्लड बैंकों में आ रही रक्त की कमी को देखते युवा साथियों की टीम के साथ रक्तदान किया। महामारी के दौरान वैक्सीनेशन से पहले रक्तदान करना चाहिए,क्योंकि वैक्सीनेशन के बाद दो महीने तक व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता। इस कारण जरूरतमंद को रक्त नहीं मिल पायेगा, एक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर तीन जरूरतमंद लोगो को जीवनदान दे सकता है।

इस मौके पर सुभाष यादव, प्रकाश, रमेश, आकाश, सुरेश यादव, कुलदीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, नारायण वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, अजय प्रजापत, विपिन पंडित सहित 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## थमेगी जीएसटी चोरी ई-वे बिल फास्टैग से जुड़ा

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों को अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही के वास्तविक समय की जानकारी भी हासिल होगी। वाणिज्यिक वाहनों द्वारा लिए जाने वाले ई-वे बिल प्रणाली को अब फास्टैग और आरएफआईडी के साथ जोड़ दिया गया है। इससे वाणिज्यिक वाहनों पर सटीक नजर रखी जा सकेगी और जीएसटी चोरी का पता चल सकेगा।जीएसटी अधिकारियों की ई-वे बिल मोबाइल एप में यह नया फीचर जोड़ दिया गया है। इसके जरिये वह ई- वे बिल का वास्तविक ब्योरा जान सकेंगे। इससे उन्हें कर चोरी करने वालों को पकड़ने और ई-वे बिल प्रणाली का दुरुपयोग करने वालों को पकड़ने में मदद मिलेगी। जीएसटी कर के तहत 28 अप्रैल, 2018 से व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को पचास हजार रुपये से अधिक मूल्य का सामान की अंतरराज्यीय बिक्री और खरीद पर ईवे-बिल बनाना और दिखाना अनिवार्य है। ई-वे बिल प्रणाली में रोजाना औसतन 25 लाख मालवाहक वाहनों की आवाजाही देश के 800 से अधिक टोल नाकों से होती है।

## पूर्व विधायक की प्रेरणा से 'सेव द चिल्ड्रन' संस्था ने भेंट किये 5 ऑक्सीजन उत्पादक यंत्र



सामोद (हमारा वतन) चौमू नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने बताया की पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के अथक प्रयासों से राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय अशोक जी गहलोत ने सामोद सीएचसी को कोविड-19 बनाया। जिसमें ऑक्सीजन गैस की कमी होने के कारण कोविड-19 मरीजों का उपचार नहीं हो पा रहा था जिसके लिए कई भामाशाह एवं नगर पालिका की तरफ से 10 ऑक्सीजन सिलेंडर भेंट कर उपचार सुचारू रूप से चालू किया गया था। लेकिन पेशेंट ज्यादा होने के कारण एवं महामारी की गम्भीरता एवं आक्सीजन की कमी को ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने सेव द चिल्ड्रन स्वयं सेवी संस्था से बात कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सामोद को 5 आक्सीजन उत्पादन यंत्र भेंट करने की अपील की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सामोद को 50 बेडेड कोविड स्पेशल अस्पताल के रूप में परिवर्तित किया गया है और मरीजो की संख्या व सुविधाओं के अनुपात में कमी को देखते हुए पूर्व विधायक से प्रेरित होकर 5 आक्सीजन कन्संट्रेटर सेव द चिल्ड्रन ने चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी को भेंट किए। जिन्होंने सेव द चिल्ड्रन संस्था के पदाधिकारियों के साथ सामोद सीएससी कॉविड सेंटर पहुंचकर सीएससी प्रभारी डॉक्टर नरेंद्र सैनी को सुपुर्द किए। इससे आक्सीजन की कमी से जूझ रहे मरीजों को तुरंत राहत पहुंचाई जा सकेगी। यह यंत्र सीधे हवा से आक्सीजन बनाने की क्षमता रखता है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित, मो. 9214996258, 7014468512
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा